सांसद ने रखी मेडिकल कॉलेज की मांग



नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए जालोर सिरोही सांसद देवजी पटेल। पत्रिका

सांचौर. सांसद देवजी एम पटेल ने नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकत कर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की। सांसद पटेल ने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में एक दशक में 26 .31 प्रतिशत आबादी बढ़ी है। वहीं शहरी आबादी कम होने एवं ग्रामीण आबादी ज्यादा होने से निजी अस्पतलों में महंगा इलाज करवाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष जालोर जिले के 165 पानी के नमूनों की फिजीको-केमिकल विश्लेषण किया गया। जिसमें फ्लोराइड साद्रता 14.2 मिली मीटर ग्राम लि. में पाई गई। जिससे क्षेत्र में फ्लोरोसिस की वजह से लोगों में हड्डियां गलने जैसी बीमारी बढ़ रही है। वहीं क्षेत्र में मातृ शिशु मृत्यु को कम करने सहित क्षेत्र में विभिन्न समस्यों को अवगत करवाते हुए क्षेत्र में एक हजार बिस्तर का अस्पताल खोलने के साथ साथ मेडीकल कॉलेज स्वीकृति की मांग की।

patrika Fri, 25 September 2015
epaper.patrika.com/c/6653